हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 15 नवंबर 2025

04 अतिक्रमण से सिमट रहीं सड़कें शांति व्यवस्था के...



08 बीएलओ मतदाताओं के गणना पत्र भरकर...





## खबर संक्षेप

### 33 वर्षीय नवविवाहित युवती की संदिग्ध मौत

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के ग्वालटोली क्षेत्र में रहने वाली वाली 33 साल की एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह करीब 4बजे की है। जब महिला को उल्टियां हुई और बेहोश हो गई। जिसके बाद जिला अस्पताल में उन्हें सुबह 8.30 बजे मृत घोषित किया गया। मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया।नवविवाहिता होने से नायब तहसीलदार और एफएसएल अधिकारी की मौजूदगी में पोस्टमार्टम हुआ। कोतवाली थाना के मुताबिक मृतका विमलेश पति निलेश राजपूत राजपूत (33) है। तीन साल पहले 2022 में ग्वालटोली में रहने वाले निलेश के साथ मृतका की शादी हुई थी।

### कार्यक्रम अधिकारी ने किया छात्रावास का दौरा

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में शुक्रवार 14 नवंबर 2025 को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नर्मदापुरम ललित कुमार डेहरिया द्वारा सिद्धपुर छात्रावास का निरीक्षण किया गया एवं उपस्थित छात्रों के साथ बाल दिवस मनाया गया।

## ग्राम सोमलवाड़ा में नरवाई प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया

# किसानों के लिए अब सिर का दर्द नहीं है पराली, बेहतर प्रबंधन से कमाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

धान की नरवाई का प्रबंधन किसानो के लिए चुनौती बना हुआ है, जिसका प्रबंधन करने हेतु शुक्रवार 14 नवम्बर 2025 को ग्राम सोमलवाडा, वि.ख. केसला में नरवाई प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों द्वारा नरवाई प्रबंधन के विभिन्न तरीके बताये गये। साथ ही कृषि अभियांत्रिकी से सहायक कृषि यंत्री द्वारा उन्नतशील कृषक के द्वारा अपने खेत पर धान की नरवाई में स्ट्रारीपर मशीन द्वारा भुसा बनाकर खेत से नरवाई साफ की जा रही है जिसका प्रदर्शन दिखाया गया जो एक नवाचार किसानो के लिए वरदान साबित होगा। सहायक कृषि यंत्री द्वारा बताया की उक्त मशीन से धान की नरवाई का नरम भूसा तैयार होता है।

धान की नरवाई का प्रबंधन किसानो के लिए चुनौती बना हुआ है, जिसका प्रबंधन करने हेतु शुक्रवारको ग्राम सोमलवाडा, वि.ख. केसला में नरवाई प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया



### पराली का उचित प्रबंधन प्रारंभ

सोहागपुर। कृषि में नव तकनीक का उपयोग खेती को कहीं अधिक वैज्ञानिक और पर्यावरण अनुकूल बन रहा है। इसी क्रम में 'सुपर सीडर' मशीन फसल अवशेष के प्रबंधन में मदद करती है व खेत में



उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यद्यपि नर्मदापुरम जिले में नर्मदापुरम् ब्लॉक के आसपास सुपर सीडर मशीन से पराली का उचित प्रबंध किया जा रहा है। लेकिन सुदूर क्षेत्रों में अभी भी पराली जलाई जा रही है। स्पष्ट है कि प्रशासन सुपर सीडर मशीन के उपयोग के लिए किसानों तक पर्याप्त पहुंच नहीं बना पाया है।


### जागरुक किसान नरवाई से भी कमां रहे अधिक मुनाफा, अधिकारियों ने की नवाचार की सराहना

धान की फसल में हार्वेस्टर मशीन चलने के बाद 3-4 दिन के बाद स्ट्रारीपर मशीन से धान की नरवाई का भूसा तैयार किया जा सकता है। जो कि पशुओ के लिए पोस्टिक आहार है एवं अन्य इडस्ट्रीज में उपयोग में लाया जा सकता है। कृषक शरद वर्मा द्वारा बताया गया कि लगभग 10 ट्राली भूसा गोशाला संचालक को तत्काल भुसा बेच दिया है एवं गोशाला संचालक द्वारा और भूसा उपलब्ध कराने की मांग की गई अन्य गौशाला संचालको की भी काफी मांग है। इस भूसे को गोशाला वाले 2200 रूपये प्रति क्विंटल से खरीद रहे है। इस प्रकार खेत की नरवाई का प्रबंधन कृषक शरद वर्मा द्वारा किया जा रहा है जिसका प्रदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित सीईओ जिला पंचायत नर्मदापुरम हिमांशु जैन द्वारा देखा।

## शिकार के लिए घास में घात लगाए बैठी दिखाई दी बाघिन

### बाघिन को देख रोमांचित हुए पर्यटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में खासी ठंड के मौसम के चलते गर्म खून वाले वन्यजीव जैसे बाघ, तेंदुआ, भालू काफी आसानी से पर्यटकों को सफारी ट्रैक के आसपास दिखाई दे रहे हैं। गत दिवस सोहागपुर क्षेत्र से मढ़ई रेंज में सफारी के लिए पहुंचे पर्यटकों ने बाघिन बच्ची को काफी करीब से देखा।


हरिभूमि को पर्यटकों ने बताया कि वे मढ़ई से जब आगे की ओर बढ़े तो यकायक ही गाइड ने जिप्सी रूकवाई तथा बताया कि समीप ही घास में बाघिन बैठी है। गाइड ने बाघिन का नाम बच्ची बताया, जो शिकार के लिए घात लगाए बैठी थी। पर्यटकों ने मोबाइल कैमरों में बाघिन बच्ची के फोटो-वीडियो लिए। सोहागपुर निवासी पर्यटकों धनराज तिवारी, व्यापारी संजय खंडेलवाल तथा सीए हर्षल खंडेलवाल ने बताया कि शाम के समय हल्की गुनगुनी धूप में बाघिन घास के अंदर बैठी थी। उन्हें लगा कि वह आराम कर रही है। जबकि गाइड तथा जिप्सी चालक ने बताया कि बाघिन बच्ची आराम नहीं कर रही है, बल्कि शिकार के लिए घात लगाए बैठी है। क्योंकि समीप हिरनों का एक झुंड घास चरने में व्यस्त था।

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नर्मदापुरम।** म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश के पालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा चलाए जा रहे न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड नर्मदापुरम श्रीमती रुचि पाण्डेय के मार्गदर्शन में किशोर न्याय बोर्ड परिसर में महिला एवं बाल विकास के सौजन्य से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 5 भैंसों की मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



शुक्रवार को सुबह-सुबह लगभग 5 बजे के करीब अज्ञात वाहन ने पिपरिया नर्मदापुरम मार्ग पर नहर के पास पांच भैसों को रौंद डाला पांचो भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। टी आई मदन पवार ने बताया पांचो भैंसों का पंचनामा तैयार कर पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम कराया गया है वहीं भैंसों के मालिक के बारे में बताया ग्राम मरोड़ा के अलग-अलग किसानों की 10 भैंस मंगलवार से गुम हुई थी जिसमें से पांच भैंस शुक्रवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से मारी गई है बाकी पांच भैंस अभी लापता है ।

## भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजरवाड़ा में बाल मेले का हुआ आयोजन, स्टाल भी लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखननगर द्वारा संचालित भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजरवाड़ा में सर्व प्रथम मां सरस्वती एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा का पूजन किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा रिबिन काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया गया नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव द्वारा सभी अतिथियों का श्रीमद् भागवत गीता एवं बील पत्र के पौधे देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर दीपक वर्मा स्वतंत्रता सेनानी परिवार, संजय वर्मा, कैलाश भगोरिया समर्थ सहारा न्यूज़, इंटरनेशनल लायंस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष धर्मदास साधराम, कृषि समिति सभापति जनपद सदस्य भगवानदास यादव नवांकुर सचिव मनोज परसाई, परामर्शदाता सुरेश यादव, रीता नीतिराज सिंह यादव आदि शामिल रहे।

## राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी सामाजिक संस्था है जनपरिषदः रामजी श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



उक्त उदगार रामजी श्रीवास्तव सयोंजक जनपरिषद ने आज इटारसी मे आयोजित जनपरिषद के इटारसी चेप्टर के उद्‌घाट्न अवसर पर व्यक्त किए। यह कार्यक्रम ईश्वर रोस्टरेंट मे आयोजित किया गया। इस कार्यकम मे विशेष रूप से मिसेज़ इंडिया दिव्या चौथरी भी उपस्थित रहीं जिनको जनपरिषद द्वारा सम्मानित किया गया। जनपरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व डी. जी.पी. एन. के .त्रिपाठी ने भी वर्चुअल उपस्थिति दी। ये संस्था देश की अग्रणी प्रतिभाओ के सम्मान करने के साथ साथ पर्यावरण पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्टीय सेमीनार भी आयोजित करती है।

इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ ओ एन चौबे पूर्व प्राचार्य नर्मदा महाविद्यालय एवं इटारसी चेप्टर के अध्यक्ष डॉ.व्ही. के सीरिया को भी सम्मनित किया गया। कार्यक्रम के डॉ.के.एन उतपल,डॉ.जी. एन. पांडेय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अनिल दीवान, डॉ.प्रमोद पगारे, जी.पी.शर्मा अरि उपस्थित रहे।

## बाल दिवस पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, वाद-विवाद प्रतियोगिता भी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नर्मदापुरम में भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण कार्यक्रम का शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा एसेम्ब्ली में आयोजन किया गया। पूरे परिसर में उत्सव, उमंग और रचनात्मकता की छटा बिखरी रही। दिन के दो प्रमुख आयोजन—शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा इंटर– हाउस वाद– विवाद प्रतियोगिता ने बच्चों के लिए यह अवसर यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक-शिक्षिकाओं की रंगारंग प्रस्तुतियों से हुआ। जिसमें ऊर्जावान नृत्य, मधुर गीत, प्रेरणादायक लघु नाटिकाएँ और हास्य-व्यंग्य से भरपूर अभिनय शामिल था। बाल दिवस समारोह को और भी सार्थक बनाने के लिए विद्यालय में इंटर–हाउस वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसने बच्चों में तार्किक सोच, संचार कौशल, आत्मविश्वास और टीम भावना को प्रोत्साहित किया। वहीं स्कूल डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी ने कहा कि बच्चों को सदैव जिज्ञासु, खुश और आत्मविश्वासी रहना चाहिए और बाल दिवस को बच्चों के अधिकारों, संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर बताया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं प्राचार्य मोना चटर्जी ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में अभिव्यक्ति क्षमता को निखारते हैं।

## बिहार चुनाव में एनडीए की जीत से जिले में मना उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर नर्मदापुरम में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। जिला मुख्यालय पर अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित हुए और ढोल-नगाड़ों, जयकारों एवं आतिशबाज़ी के साथ जोरदार जश्न मनाया गया। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए गठबंधन को प्रचण्ड बहुमत देकर यह साबित कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में और बिहार में नितिश कुमार के साथ एनडीए ने जो प्रचण्ड बहुमत प्राप्त किया है उसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा को बधाई। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने एनडीए की इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भरोसे और नीतीश कुमार के विकास कार्यों की जीत बताया। इस दौरान विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, पीयूष शर्मा, लोकेश तिवारी, दिनेश तिवारी, गोविंद राय, मनोहर बढ़ानी आदि मौजूद रहे।

## दो दिवसीय नर्मदा संस्कृति उत्सव 2025 का आयोजन आज से, कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कला जगत संगीत, साहित्य, कला, संस्कृति से जुड़े बहुआयामी कार्यक्रमों का आयोजन विगत पंद्रह से अधिक वर्षों से निरंतर करता रहा है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दो दिवसीय 'नर्मदा संस्कृति उत्सव 2025' का आयोजन आगामी 15 व 16 नवंबर को सायं 6.30 से रात्रि 10 बजे तक तिलक भवन, सेठानी घाट पर होना है। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के निष्णात कलाकारों के साथ हमारे नगर की उदीयमान प्रतिभाओं द्वारा शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत, लोक संगीत की स्तरीय प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। उत्सव के प्रथम दिवस 15 नवंबर 2025, शनिवार को कार्यक्रम का आरंभ सुरवाणी संस्थान, नर्मदापुरम् के तबला साधकों की प्रस्तुति ताल वृंद से होगा। तत्पश्चात अथर्व दुबे, सारंगी वादन के साथ तबला संगत विपुल दुबे करेंगें। अगली प्रस्तुति में प्रख्यात सितार वादक श्याम वैष्णव, भोपाल सितार की मधुर झंकार बिखेरेंगे। इसके बाद जबलपुर से पधार रहे आकाशवाणी- दूरदर्शन के 'ए' ग्रेड कलाकार डॉ. प्रकाश तिवारी की प्रस्तुति में गीत, भजन, ग़ज़ल और लोक संगीत का समावेश होगा। तबला पर सुसंगत हेतु शिवांश सोनी, इंदौर से पधार रहे हैं जबकि हारमोनियम पर राम परसाई और ढोलक पर सक्षम पाठक होंगें। उत्सव के द्वितीय दिवस 16 नवंबर 2025, रविवार को नीवा फ्यूज़न बैंड, नर्मदापुरम् के संस्कृत पद गायन से कार्यक्रम आरंभ होगा। तत्पश्चात विख्यात कलाकार मोनीदीप मित्रा, नई दिल्ली का शास्त्रीय हवाइन गिटार वादन होगा। उत्सव की अंतिम प्रस्तुति के रूप में प्रसिद्ध निमाड़ी लोक गायिका मती मनीषा शास्त्री एवं साथी, महेश्वर द्वारा निमाड़ी लोक गायन होगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए नर्मदापुरम कला जगत के सचिव डॉ. नमन तिवारी ने बताया कि शीत के प्रकोप को देखते हुए उत्सव का स्थान सेठानी घाट के मुक्ताकाश मंच से परिवर्तित कर तिलक भवन किया गया है और सभी संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## पूर्व प्रधानमंत्री पं. नेहरू को याद किया, बाल दिवस मनाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत देश के पहले प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की जन्म जयंती के अवसर पर नगर कांग्रेस द्वारा पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया गया जन्म जयंती के अवसर पर कांग्रेस जनो द्वात्रा उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश मे मूल्यो पर आधारित राजनीति की पूर्ण बहुमत की सरकार होते हुए भी उन्होंने विपक्ष को मंत्रिमंडल का पद दिया वरिष्ठ नेता अरुण दीक्षित ने कहा पंडित नेहरू ने विपरीत समय मे देश की बागडोर संभाली और देश को एक शशक्त नेतृत्व दिया इस अवसर पर अनोखे लाल राजोरिया, अजय सैनी , बबलू राठौर, फैज़ान उल हक़ , सुरज तिवारी, गुलाम हैदर, नसीम कुरैशी, कुलदीप राठौर , विजेंद्र राजपूत , दीपक सिसोदिया, गुलाम मुस्तफ़ा, जमील खान आदि मौजूद रहे।

## दो दिवस में प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

# द चैम्प्स फन स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया बाल दिवस नन्हे बच्चों ने रंगों से उकेरे चित्र, विजेता हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में दो दिवसीय पब्लिक स्पीकिंग एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। 14 नवम्बर 2025 को आयोजन में प्री-प्राइमरी वर्ग के लिए पब्लिक स्पीकिंग तथा प्राथमिक वर्ग के लिए ड्रॉइंग प्रतियोगिता रखी गई।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के रामायण हॉल में किया गया, जहाँ बच्चों ने आत्मविश्वासपूर्ण और रचनात्मक प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। शुक्रवार को दोनों प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पब्लिक स्पीकिंग प्रतियोगिता एवं ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तृप्ति त्रिपाठी, संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग, तथा विशिष्ट अतिथि संदीप शुक्ला, प्राचार्य, शास. एसएनजी स्कूल, नर्मदापुरम उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी एवं डायरेक्टर जूही चटर्जी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा बताया कि यह दिन बच्चों की प्रसन्नता और उनके सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें आत्मविश्वासी, रचनात्मक तथा सशक्त बनाना ही विद्यालय का उद्देश्य है। उन्होंने बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

मुख्य अतिथि तृप्ति त्रिपाठी ने मंच से सभी बच्चों को बाल दिवस तथा प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बच्चों को अच्छा खाना खाने और स्वास्थ्य का ध्यान रखने की प्रेरणा दी। बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मंच संचालन सु रिचा सोनी एवं सुहानी सुनानिया तथा कक्षा तृतीय एवं चतुर्थ के विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम की सफल व्यवस्था हेतु स्नेहा राजपूत एवं खुशी पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

### 16 दिसंबर से प्रारंभ होगा फ्रेंड्स कप

**नर्मदापुरम।** नगर में पहली बार सर्वाधिक इनामी राशि वाला भव्य डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट होने जा रहा है जो कि 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 21 दिसंबर तक चलेगा, जिसमे प्रथम पुरस्कार 111111 एवं द्वितीय पुरस्कार 55555 एवं आकर्षक ट्रॉफिया रहेगी। क्रिकेट का यह महासंग्राम स्थानीय एसएनजी ग्राउंड में खेला जाएगा। जिसमे नर्मदापुरम संभाग एवं बुधनी तहसील की 16 टीमे हिस्सा लेगी। प्रतियोगिता में राज्य एवं राज्य के बाहर के बड़े-बड़े खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करते नजर आएंगे, प्रत्येक टीम में 7 खिलाड़ी संभाग के एवं 4 खिलाड़ी संभाग के बाहर प्रदेश या देश के किसी भी राज्य के खिलाड़ियों का चुनाव अपनी टीम में कर सकते हैं। इससे राज्य के बाहर की प्रतिभाएं भी नर्मदापुरम की धरा पर अपना जलवा बिखेरती नजर आएगी। टूर्नामेंट का आयोजन फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में हो रहा है, इस आयोजन में फ्रेंड्स क्लब खेल के साथ-साथ अनेक प्रतिभाओं का भी सम्मान करेगा, इस आयोजन का आगाज क्रिकेट, म्यूजिकल इवेंट्स एवं अवॉर्ड्स के साथ होगा।

एजेन्सी देना है। हरिभूमि

नर्मदापुरम् शहर में एजेन्सी एवं व्यूरो की आवश्यकता है । सम्पर्क करें

पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल

मो.: 8770833858, 9827743042

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई नेहरू जी की जन्मजयंती

**सारनी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सारनी ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस पाथाखेड़ा के नेहरू पार्क में नेहरू प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किशोर चौहान ने कहा कि नेहरूजी बच्चो से बहुत स्नेह करते थे, इसलिए आज उनका जन्मदिवस बालदिवस के रूप में भी मनाया जाता है। देश की आजादी में उनका बहुत बड़ा योगदान है। आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में देश मे विकास कार्यो की नींव रखी और विकसित भारत मे उनके योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। शिवकुमार उपरीत ने भी नेहरू जी के जीवन पर प्रकाश डाला, उन्होने आधुनिक भारत के प्रणेता के रूप में सराहना की। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष महेन्द्र भारती, पार्षद मो ताहिर अंसारी, रामाश्रय वर्मा ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष बटेश्वर भारती, रोहन रघुवंशी, प्रकाश मालवी, मिथलेश सिंह, राहुल जैसवाल, सुनील भलावी, मनोहर बचले, लता बगाहे सहित अनेको कांग्रेसी मौजूद थे।

### राशन दुकान का ताला तोड़कर 76 गेहूं के बोरी ले गए चोर

**भौंरा।** शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहकारी सेवा समिति भौंरा के ग्राम कुंडी स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के अनाज गोदाम से गुरुवार की मध्यरात्रि 76 बोरी गेहूं की चोरी का गंभीर मामला सामने आया है। घटना की जानकारी लगते ही सेल्समैन द्वारा शाहपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। सेल्समैन प्रदीप मालवीय ने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने गोदाम का ताला तोडक़र राशन वितरण के लिए रखी गई शासकीय गेहूं की 76 बोरी चोरी कर ली। गोदाम के बाहर चारपहिया वाहन के टायरों के निशान भी पाए गए हैं, जिससे आशंका है कि चोर वाहन की मदद से बोरी ले गए। उन्होंने बताया कि शनिवार से ग्रामीणों को गेहूं वितरण प्रारंभ होना था, लेकिन चोरी की वजह से इसका प्रभावित होना तय है। घटना की सूचना सहकारी समिति प्रबंधन सहित जिला खाद्य विभाग के अधिकारियों को भी दे दी है। शाहपुर थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चोरों की धरपकड़ के लिए विशेष प्रयास किया जा रहे हैं।

### जनजातीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन आज

**बैतूल।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 1.00 बजे से पुलिस ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास के लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया जाएगा। साथ ही जनजातीय संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा।

## एसडीएम के आदेश के 6 साल बाद भी नहीं लगा भारी वाहनों पर प्रतिबंध

# अतिक्रमण से सिमट रहीं सड़कें शांति व्यवस्था के लिए गंभीर संकट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

अतिक्रमण के चलते बिगड़ती यातायात व्यवस्था अब पूरे जिले में आपसी सौहार्द और शांति व्यवस्था के लिए गंभीर संकट बनती जा रही है। चाहे मुलताई फव्वारा चौक से जैन फोल्डिंग मार्ग पर मोटर साइकिल दुर्घटना के बाद उपजे विवाद का मामला हो या हाल ही में आठनेर बाजार में मोटर साइकिल को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद, दोनों ही घटनाओं की जड़ में खराब यातायात व्यवस्था है। इसका मुख्य कारण अतिक्रमण के कारण सडक़ों का गलियों में तब्दील हो जाना है।

प्रशासन घटनाओं के बाद सक्रिय तो हो जाता है, लेकिन ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए मुख्य व्यापारिक क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की ठोस कार्रवाई कहीं दिखाई नहीं देती। फवारा चौक से गांधी चौक तक जाने वाला जैन कोल्डिंग मार्ग, जो अब विवादों वाली गली के नाम से पहचान बना चुका है, मोटर साइकिल विवाद के बाद एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद सुधर नहीं पाया है। यहां मेरी दुकान- तुम्हारी दुकान से आगे क्यों, जैसी प्रतिस्पर्धा खत्म नहीं हो रही। कई दुकानदार दूसरों से आगे दिखने की होड़ में आधी से अधिक सडक़ तक दुकानें फैला रहे हैं। कुछ लोगों के ऐसे अतिक्रमण के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है। इस संकरे मार्ग से दोपहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं और वहीं से विवाद जन्म लेते हैं।

### पवित्र नगरी के अधिकांश मार्ग अतिक्रमण की चपेट में

मुलताई के लगभग सभी प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र की सडक़ें अतिक्रमण के कारण बदहाल हैं। कहीं कम तो कहीं ज्यादा, लेकिन समस्या हर जगह एक जैसी है। इनमें स्मृति भवन, मासोद तिराहा से नाका नंबर 1 तक,जस्तम चौक से गांधी चौक तक,जय कोल्डिंग रोड से गांधी चौक तक,गांधी चौक से नाका नंबर 1 तक अंदरूनी मार्ग, फवारा चौक से स्टेशन रोड,बस स्टैंड से अग्रवाल पेट्रोल पंप तक, इन मार्गो पर बाहर से आकर कई व्यापारी फुटपाथ और सडक़ तक दुकानें जमाए बैठे हैं। इससे यहां कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है।

### 6 साल बाद भी नहीं लग सका भारी वाहनों पर प्रतिबंध

शांति समिति की हर बैठक में नगर के मध्य से भारी वाहनों के आवागमन को रोकने की मांग उठती है। तत्कालीन अनुविभागीय दंडाधिकारी सीएल चनाप द्वारा 9 सितंबर 2019 को जारी आदेश के बावजूद आज तक इसका पालन नहीं हो सका है। एसडीएम ने अपने आदेश में स्पष्अ निर्देश दिये थे कि भारी वाहनों का नगर के मध्य प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन आईपीसी की धारा 188 के तहत दंडनीय होगा। नगर पालिका और पुलिस विभाग को कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए थे। फिर भी छह वर्षों में इस आदेश का पालन न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। एसडीएम सीएल चनाप ने पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग 69 पर मुरारी तिराहा से नागपुर नाका तक भारी वाहनों के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। यह आदेश मध्यप्रदेश मोटरयान नियम 1994 के नियम-215 और दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत पारित किया गया था।

#### हटाएंगे अतिक्रमण

नागरिकों की शिकायतों और हेल्पलाइन पर प्राप्त सूचना के आधार पर मंगलवार बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया गया है। नगर के अन्य हिस्सों को भी चिन्हित किया जा रहा है और चरणबद्ध तरीके से सभी स्थानों से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

**महेश शर्मा,**
उपयंत्री, नगरपालिका मुलताई

### मुलताई की तरह छोटे से विवाद में बना फसाद

**पुलिस की तत्परता से सांप्रदायिक तनाव पर हो सका नियंत्रण**

आठनेर नगर में गुरुवार को वाहन हटाने जैसी मामूली बात पर शुरू हुए विवाद में सांप्रदायिक तनाव का रूप ले लिया। हिंदू संगठनों के आह्वान पर नगर के व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे गए और घटना के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद नगर में शांति सौहार्द बनाए रखने के लिए जिलेभर के थानों से भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। दरअसल गुरुवार दोपहर को एक समुदाय विशेष के 10 से अधिक लोगों ने दूसरे समुदाय के मां बेटे और बेटी के साथ मारपीट की, जिससे दो व्यक्तियों के हाथ पैरो में गंभीर चोटे आई। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट के बाद आरोपी सोने के आभूषण और नगदी रुपए भी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों ने इसका कड़ा विरोध करते हुए बाजार बंद करवा दिया। हिंदू संगठनों की मांग पर प्रशासन ने घटना के बाद नगर में ही अतिक्रमण में लगी एक आरोपी की दुकान को जेसीबी की सहायता से तोड़ दिया है। मारपीट की घटना का वीडियो भी जमकर वायरल हुआ। एएसपी कमल जोशी ने बताया कि अभी स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस ने सात आरोपियों पर मामला दर्ज किया है और चार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में कामरान अली, अनस अली, अरशद अली, मुश्ताक अली, शेख जावेद, शेख शेरू पर 296, 115 (2), 351(2), 190, 191 (2) के तहत मामला दर्ज किया है।

#### इनका कहना है

रोड से कपड़े का गट्ठा हटाने को लेकर विवाद हुआ था। मारपीट करने वाले 7 लोगों पर केस दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। शांति व्यवस्था बनाने मौके पर पुलिस बल तैनात किया है।

**- वीरेंद्र जैन, एसपी, बैतूल**

## बीएलओ पहुंच रहे घर-घर

# भौंरा में एसआईआर सर्वे में तेजी एसडीएम ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

नगर में एसआईआर (सिस्टमेटिक इलेक्टोरल रोल) सर्वे का कार्य पूरे जोर-शोर से जारी है। मतदाता सूची को अद्यतन और अधिक सटीक बनाने के उद्देश्य से वार्डों में नियुक्त बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं। बीएलओ निशा उपाध्याय, विनोद सेन, माधुरी बचले, राकेश चौहान, जितेंद्र सांवरिया एवं नीतू बांचौडय़ा, अशोक राणे अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर रूप से पहुंचकर मतदाताओं की व्यक्तिगत जानकारी, पहचान संबंधी दस्तावेजों का विवरण और अन्य आवश्यक सूचनाएं संकलित कर रहे हैं।

सर्वे टीम लोगों को यह भी समझा रही है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और इसका उद्देश्य भविष्य की मतदान प्रक्रिया को त्रुटिरहित बनाना है, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे। एसआईआर सर्वे की प्रगति का जायजा लेने एसडीएम अनीता पटेल, तहसीलदार टी. विश्क एवं मास्टर ट्रेनर राकेश खातरकर भौंरा पहुंचे। अधिकारियों ने नगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर सर्वे कार्य की स्थिति देखी और बीएलओ के साथ मिलकर स्वयं भी लोगों से गणना प्रपत्र भरवाए। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ को निर्देश दिए कि सर्वे पूर्ण पारदर्शिता और गंभीरता से किया जाए तथा प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मतदाताओं से संवाद करते हुए बताया कि जिन बेटियों का विवाह हो चुका है और वे अब अन्य स्थान पर निवासरत हैं, उन्हें अपने माता-पिता की साल 2003 की मतदाता सूची में दर्ज सरल क्रमांक, भाग संख्या और विधानसभा क्रमांक उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। इस संबंध में वार्डों में व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मतदाताओं से आधार नंबर, पहचान पत्र, जन्मतिथि सहित आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी एकत्र की जा रही थी। एसडीएम ने लोगों से अपील की कि वे समय पर गणना प्रपत्र भरें और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं, ताकि सर्वे कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि भौंरा के सभी वार्डों में बीएलओ सक्रियता से काम कर रहे हैं और नगर में सर्वे को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

### नेहरू पार्क में चाचा नेहरू के जन्मदिन पर बच्चों ने की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा

**बैतूल।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। शुक्रवार को आचार्य विनोबा युथ सोसाइटी एवं युवा साहू समाज सेवा संगठन बैतूल द्वारा नेहरू पार्क में पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रितिका कमलेश साहू, गोपाल साहू, हेमराज बनकर उपस्थित थे। अतिथियों ने चाचा नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद बच्चों ने हैप्पी बर्थ डे टू यू चाचा नेहरू कहकर पुष्प वर्षा कर जन्मदिन मनाया एवं केक काटकर बच्चों को वितरित किया। इसके बाद नेहरू पार्क में साफ सफाई करने वाले नगर पालिका कर्मचारियों को संगठन के द्वारा शील्ड ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## जामा मस्जिद कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर प्रशासन करे कार्रवाई



**आमला।** शहर के सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक समरसता को बनाए रखने की अपील करते हुए जामा मस्जिद कमेटी आमला की ओर से सदर जाहिद पटेल ने अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन में हाल ही में हुई दो संवेदनशील घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई और दोषियों पर तुरंत व कठोर कार्रवाई की मांग रखी गई। समिति ने बताया कि 1 नवंबर 2025 की शाम पीर मजिद चौक पर देवी विसर्जन जुलूस के दौरान अचानक कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पथराव किया गया, जिससे शहर में तनाव जैसी स्थिति बन सकती थी। जामा मस्जिद समिति ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आमला हमेशा आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा है। ऐसे माहौल को खराब करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होना आवश्यक है। समिति ने कहा कि इस तरह की घटनाओं में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। समिति ने प्रशासन से आग्रह किया कि शहर की सौहार्दपूर्ण छवि को कायम रखने के लिए असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और कानून व्यवस्था मजबूत की जाए। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि तहसीलदार को भी दी गई। जामा मस्जिद समिति ने कहा कि आमला शहर हमेशा भाईचारे, एकता और सभ्यता का उदाहरण रहा है और इसे बनाए रखने में सभी नागरिकों को अपना योगदान देना चाहिए। ज्ञापन सौपन वालों में जामा मस्जिद के सदर जाहिद पटेल, शेख आबिद, मोहम्मद आसीफ लंघा, रशीद खान, शेख जुनेद, अतीक खान, सलमान खान आदि शामिल थे।

## प्रशासन से दखल की मांग

# कब्रिस्तान की भूमि पर दबंग लोग कर रहे कब्जा



**आमला।** ग्राम रतेड़ा कला स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत को लेकर मस्जिद कमेटी आमला के अध्यक्ष जाहिद पटेल ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आमला शैलेन्द्र बडोनिया को ज्ञापन सौंपा। जाहिद पटेल ने बताया कि रतेड़ा कला में खसरा नंबर 256, 257 और 364 कुल रकबा लगभग 1 एकड़ से अधिक भूमि पर वर्षों से मुस्लिम समाज अपने मृतकों को दफन करता आ रहा है। यह भूमि आधिकारिक रूप से कब्रिस्तान के रूप में दर्ज है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कब्रिस्तान के पास रहने वाले गीता खातरकर और आकाश खातरकर द्वारा कब्रिस्तान की भूमि में अवैध रूप से दखल दिया जा रहा है। मेढ़ को सरकाने, जमीन पर कब्जा बढ़ाने और रास्ता बनाने जैसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे कब्रिस्तान की सीमाएं प्रभावित हो रही हैं और भविष्य में विवाद की स्थिति बन सकती है। मस्जिद कमेटी ने प्रशासन से माँग की है कि कब्रिस्तान की भूमि का तत्काल सीमांकन कराया जाए और अवैध कब्जे को हटाते हुए जमीन को सुरक्षित किया जाए, ताकि आने वाले समय में किसी तरह का विवाद उत्पन्न न हो। ज्ञापन देने वालों में जामा मस्जिद सदर जाहिद पटेल, प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट अध्यक्ष मोहम्मद आसीफ लंघा, अतीक खान, शेख जुनेद, शेख आबिद,शेरू खान आदि रहे मौजूद।

# बाल दिवस समारोह, जिज्ञासा, खुशी और सीख का त्योहार: कैथवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

केंद्रीय विद्यालय सारनी में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 1 और 2 के नन्हे बच्चों द्वारा रंगारंग नृत्य प्रस्तुति से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने मधुर समूह-गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत बाल मेले का भी भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने घर से विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट खाद्य-पदार्थ लाकर अपनी-अपनी स्टॉल और दुकानें सजाईं। बच्चों ने इन वस्तुओं को बड़े उत्साह से बेचा। कुछ विद्यार्थियों ने रोचक गेम्स की व्यवस्था की, वहीं कुछ ने विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इन गतिविधियों से बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और शैक्षिक विकास को बढ़ावा मिला। पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन मनराज मीना ने किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की और गीत-संगीत के बीच सभी ने भरपूर आनंद उठाया। कुल मिलाकर पूरा आयोजन बच्चों और अभिभावकों—दोनों के लिए अत्यंत आनंदमय रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ व्हीके कैथवार मुख्य अभियंता द्वारा किया गया। उन्होंने सभी स्टॉलों का अवलोकन किया तथा छात्रों और विद्यालय द्वारा किए गए इस सफल आयोजन की सराहना की। अंत में प्राचार्य प्रशांत पैलवर ने अपने उद्बोधन में मुख्य अभियंता श्री कैथवार का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का सपना



था—एक सभ्य, शिक्षित और प्रगतिशील भारत का निर्माण। वे बच्चों से अत्यंत प्रेम करते थे, इसी कारण सभी उन्हें स्नेहपूर्वक चाचा नेहरू कहते हैं और हमें उनके सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। बच्चों में संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए भारतीय सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ छगन गुर्जर ने पूरे भाषण का सांकेतिक अनुवाद किया।

### *अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा मनाया गया बाल दिवस*

*सारनी। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा बाल दिवस मनाया गया। संगठन द्वारा सर्वप्रथम बच्चों ने भारत माता की जय कार लगाई और चाचा नेहरू अमर रहे के नारे बच्चों ने पूरी ऊर्जा के साथ लगाएं। फिर बच्चों को चॉकलेट वितरण की गई, उसके पश्चात कापी और पेन बांटे गए और चाचा नेहरू के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई । जिसमें की बच्चों ने बताया की बाल दिवस पर हम चाचा नेहरू के जन्म दिवस पर मानते हैं और बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कह कर बुलाते थे।*

## स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर दीप किए प्रज्ज्वलित

# शहीद चौपाल पर बाल दिवस, जनजाति गौरव दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/शाहपुर


सरदार गंजनसिंह चौपाल पर जनजाति गौरव पखवाड़ा पर बाल दिवस के साथ जनजाति गौरव दिवस मनाया गया। 14 नवम्बर शुक्रवार को सरदार गंजनसिंह चौपाल पतौवापुरा में हरदा, होशंगाबाद (नर्मदापुरम )व बैतूल के साथ ही छिंदवाड़ा जिले से भी सहभागी शामिल हुए। जनजाति गौरव दिवस के मौके पर साथियों ने ढोल बाजा के साथ तहसील मैदान खेड़ापति प्रांगण से दो-दो की कतार में रैली के रूप में कतारबद्ध होकर सरदार गंजनसिंह चौपाल तक आकर बिरसा मुंडा व स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर दीप प्रज्ज्वलित कर तिलक किया।

इस मौके पर किसान आदिवासी संगठन के फागराम ने क्रांतिकारियों नमन करते हुए अपने शब्दों में कहा कि आज की परिस्थितियों में हमें एक होकर हक अधिकार के लिए लडऩे की आवश्यकता है। इसलिए हमें राजनीतिक ताकत बनाने की भी आवश्यकता है। किसान आदिवासी संगठन केसला नर्मदापुरम से आए कपिल खण्डेलवार ने बालदिवस एवं जनजाति गौरव दिवस पर प्रकाश डाला। कहा कि देश में सरकारें गरीबों व किसानों, मजदूरों के खिलाफ कानून बना




रही है। इसके बाद काशी उत्तरप्रदेश के चंचल मुखर्जी ने पूंजीपतियों एवं कंपनियों ने उड़ीसा सहित देश के विभिन्न हिस्सों में किस तरह 23000 हजार करोड़ रूपया का राजस्व नुकसान किया है एवं कर रही है। बैतूल के स्वतंत्रता-संग्राम सेनानी अन्तूसिंह मर्सकोले द्वारा आदिवासियों पर हो रहे। अत्याचार व आज आदिवासी संस्कृति संकट में है। आज की शिक्षा व्यवस्था जो व्यवसाय में बदल रही है। इसके पीछे बडा षडयंत्र है। पूजा पद्धति, संस्कृति व हक अधिकार के लिए संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रमिक आदिवासी संगठन के राजेन्द्र गढ़वाल ने किया। इस मौके पर सार्वजनिक विकास मंच शाहपुर, किसान आदिवासी संगठन, श्रमिक आदिवासी संगठन आदि शामिल हुए।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती



**बैतूल।** सरस्वती विद्या मंदिर गाड़ाघाट में बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व आचार्य हेमराज कापसे ने बिरसा मुंडा के शौर्य गाथा और संघर्षपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक सफल सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन करता थे। उन्होंने जिस तरह आदिवासी समाज को एकजुट करने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और धार्मिक सुधारो के लिए कार्य किया उसी तरह आज की पीढ़ी को भी बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर उनके कार्यो को आगे बढ़ाना चाहिए।

### जनजाति गौरव दिवस मनाया



**शाहपुर।** ग्राम पंचायत पहावाड़ी के हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल में जनजाति गौरव दिवस बिरसा मुंडा जयंती एवं बाल दिवस के उपलक्ष्य में 14 नवंबर को बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, कबड्डी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं लोक नृत्य का आयोजन किया। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने प्रस्तुति दी। शाला के शिक्षकों ने बच्चों का भरपूर सहयोग किया एवं शाला की प्राचार्य छाया सिंघानिया द्वारा बच्चों के लिए स्नेह भोज की व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरण किया गया।

# भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया



**आमला।** नगर आमला में नामदेव परिवार के द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्म का उत्सव हर्ष के साथ मनाया गया। धार्मिक नगरी नर्मदापुरम के बुधनी ग्राम से पहुंची कथा वाचिका सुश्री नित्या किशोरी शर्मा ने बताया कि आज भागवत कथा का पांचवा दिन है। जिसमें 56 भोग भगवान के अर्पित किए जाएंगे। यह कथा क्षेत्र के लोगों और परिवार जनों के लिए सुख शांति की समृद्धि और अच्छे जीवन अच्छी फैसले अच्छे व्यवहार अच्छे समय के लिए आयोजित की गई है। जिसमें दूर-दूर से भक्त लोग भागवत कथा का आनंद लाभ सुनकर प्राप्त कर रहे हैं। और धर्म लाभ का फायदा उठा रहे हैं। कृष्ण जन्म के उत्सव के दिन जैन समाज के स्थल कसारी मोहल्ला आमला में धार्मिक कार्य पूरे विधि विधान के साथ, पूजन अर्चन कर पूर्ण किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से शाहपुर नगर से भक्त लोग कथा का श्रवण करने भागवत कथा में आमला नगर पहुंचे। कथा के विश्राम के पूर्व आरती के पश्चात मक्खन और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।

## कांग्रेसियों ने मनाई पं. नेहरू की जयंती



**इटारसी।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की 136वीं जयंती दोपहर जिला कांग्रेस कार्यालय इटारसी में कांग्रेस ने श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने देश के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने पंडित नेहरू के आदर्शों को याद किया और कार्यकर्ताओं को उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, सोनू बकोरिया सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव जितेंद्र सोलंकी, कांग्रेस नेता सुशील बाजपेई सुखतवा, पूर्व एल्डरमैन पार्षद अनिल बस्तवार, नारायण गौर, विक्की तिवारी, सुशील बस्तवार, संतोष बामने, चंद्रकांत बहारे, सोनू बकोरिया, सुनील डोंगरे, अर्जुन कुचबंदिया, धर्मेंद्र मालवीय, अजय पटेल, प्रमोद कलोसिया, अनूप गांचले सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से भावांतर योजना की राशि वितरित की

# किसानों को मिली 233 करोड़ रुपए की राशि, मंडी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भावांतर भुगतान योजना के तहत प्रदेशभर के किसानों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की। देवास जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1.33 लाख किसानों को लाभान्वित करते हुए कुल 233 करोड़ रुपये की राशि जारी की।

इस अवसर पर नर्मदापुरम जिले के इटारसी कृषि उपज मंडी में एक जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक वंदे मातरम गायन से हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सुश्री राजो मालवीय, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।

### वास्तविक मूल्य सुनिश्चित

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार किसानों को उनकी उपज का वास्तविक मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और भावांतर योजना इसका सशक्त उदाहरण है।

उन्होंने कृषि को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि मध्य प्रदेश शासन जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए हरसंभव संबल प्रदान कर रहा है।

### क्षतिपूर्ति का माध्यम

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने भावांतर योजना को महत्वाकांक्षी और किसान हितैषी बताया। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में अब तक 2900 से अधिक किसानों ने इस योजना के तहत अपनी उपज का विक्रय किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और विक्रय मूल्य के बीच का अंतर मॉडल रेट के आधार पर भुगतान किया जा रहा है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की हानि नहीं होगी।

सुश्री राजो मालवीय ने कहा कि तय समयसीमा के भीतर भावांतर की राशि का भुगतान यह प्रमाणित करता है कि सरकार किसान हित में पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। सिंगल क्लिक से सीधे बैंक खातों में राशि अंतरित करना शासन की पारदर्शी नीति का प्रतीक है।

### सफल क्रियान्वयन

कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में भावांतर योजना का सफल क्रियान्वयन किया है, जिसमें किसानों द्वारा 51 हजार क्विंटल से अधिक मात्रा में सोयाबीन का विक्रय किया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत की जाने वाली प्रक्रियाएं अत्यधिक पारदर्शी बनाई हैं। मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से राशि सीधे किसानों के खातों में अंतरित की जा रही है, जिससे किसी भी स्तर पर कोई मध्यस्थ नहीं है। कार्यक्रम में एसडीएम नीलेश शर्मा, उप संचालक कृषि जेआर हेडाऊ और अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## 1.29 लाख के 7 गुम हुए मोबाइल बरामद कर मालिकों को सौंपे



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुलिस ने गुम हुए मोबाइल फोन की तलाश में बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने वर्ष 2023 से 2025 के दौरान गुम हुए कुल सात मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक ढूंढ निकाला, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 1,29,000 रुपए है। इन सभी मोबाइलों को आज उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिया गया।

### बरामदगी का विवरण

साइबर टीम की तकनीकी मदद से ढूंढे गए इन मोबाइलों में विभिन्न कंपनियों के हैंडसेट शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि 17,000 रुपए कीमत का एक वनप्लस मोबाइल अर्जुन सोलंकी (सनावद) को, 22,000 कीमत का दूसरा वनप्लस मोबाइल रवीश चंद्र यादव आर्डनेंस फैक्ट्री, इटारसी को, 18,000 रुपए कीमत का एक वीवो मोबाइल राजेश सर बुद्ध भोपाल को, 16,000 रुपए कीमत का एक रेडमी मोबाइल अश्वनी कुमार वर्मा पथरोटा को, 30,000 कीमत का एक रियलमी मोबाइल ज्ञानेश्वर बासे ग्वालियर को, 15,000 कीमत का एक अन्य रियलमी मोबाइल मुनेंद्र कुमार खंडवा को सौंपा गया।

इसके अतिरिक्त, 11,000 रुपए कीमत का एक पोको कंपनी का मोबाइल जीआरपी इटारसी को दिया गया, जो जीआरपी इटारसी के अपराध में जब्त था। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक उपेंद्र दुबे, आरक्षक महेंद्र गुर्जर, अंकित और राजकुमार झपाटे की सक्रिय भूमिका रही।

## महिला मंडल व हिंदु वाहिनी ने जरूरतमंद बच्चों को गर्म कपड़े बांटे




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज इटारसी महिला मंडल एवं राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी की पदाधिकारीयो ने पत्ती बाजार वार्ड 30 पहुंचकर गर्म पकड़ों सहित अन्य सामग्री का वितरण किया। बाल दिवस पर पत्ती बाजार स्थित आंगनवाडी भवन में क्षेत्रीय बच्चों एवं मातृशक्ति को गर्म कपड़े एवं अन्य कपड़े वितरण किये। साथ ही बाल दिवस के चलते बच्चों को स्नेक्स, चॉकलेट, बिस्किट्स, कपड़े वितरण कर सांस्कृतिक मनोरंजन करवाया।

अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि बच्चों का उत्साह देखकर आनंद की अनुभूति हुई, और महिला मंडल ने बेटी बचाओ बेटी बचाओ का संकल्प लिया। इस अवसर पर दीप्ति शुक्ला, सचिव किरण मालवीय, संरक्षक भारतीय मालवीय, संगठन मंत्री संगीता मालवीय, आशी अग्रवाल एवं महिला मंडल का सहयोग रहा।

## बिहार चुनाव में मिली जीत का भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई

### पिपरिया में कार्यकर्ताओं ने भारत माता के लगाए जयकारे, विधायक बोले भाजपा और एनडीए की नीतियों की हुई जीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर केमंगल वारा चौराहे पर भाजपा विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर अरविंद राय पवन वालिया सहित अन्य सभी शामिल हुए महिलाओं कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बिहार राज्य में भाजपा को बड़ी सफलता प्राप्त कर विजयी होने पर एनडीए गठबंधन को 200सीट की बढ़त मिलने पर भाजपा कार्यालय में जश्न मनाया गया। एक दूसरेको बधाई दी गई मीठाई का वितरण किया गया। पटाखे फोड़े गए। विधानसभा प्रभारी नवनीत सिंह नागपाल ने इस जीत को कार्यकर्ताओं की जीत बताया। भारत माता के जयकारों में भाजपा का झंडा बुलंद लहराया परचम गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत पर इटारसी में खुशी का माहौल देखा गया। जीत की खुशी मनाने के लिए नगर भाजपा मंडल कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जीत का जश्न मनाया और मिठाई वितरित की। खुशी के इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नंदू साहू, शैलेन्द्र दुबे, पप्पू तिवारी, सुधीर गुप्ता, हैप्पी भाटिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### बिहार चुनाव परिणामों ने साबित किया विकास की राजनीति की ताकतः जिलाध्यक्ष

**सिवनी मालवा।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा–जदयू गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर नर्मदापुरम भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता अब विकास, सुशासन और स्थिरता को ही प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने जातिवाद, नकारात्मकता और भ्रम फैलाने वाली ताकतों को नकारकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे राष्ट्रहित के कार्यों को मजबूत समर्थन दिया है। यह जीत विकासवादी राजनीति की स्पष्ट और सशक्त स्वीकार्यता है। शुक्ला ने आगे कहा कि भाजपा और जदयू की संयुक्त कार्यशैली, संगठन की मजबूत पकड़, और प्रत्येक कार्यकर्ता की तपस्या इस विजय में प्रमुख कारक रही है।

## विधायक ने की जैन समाज संत से भेंट, लिया आशीर्वाद

**सोहागपुर।** बुधवार रात्रि में सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने तारण तरण दिगम्बर जैन समाज के विख्यात संत अध्यात्म रत्न इतिहास रत्नाकर बाल ब्रम्हचारी बसंत जी महाराज से भेंट की। इस दौरान तारण तरण दिगम्बर जैन मन्दिर में विधायक ने संत से आशीर्वाद प्राप्त किया। चर्चा में यह बात भी सामने आई कि सात, 8 एवं 9 फरवरी 26 को धर्मनगरी सोहागपुर में जैन समाज की ओर से जिनवाणी अस्थाप, कलशारोहण व वेदी सूतन कार्यक्रम होंगे। विधायक विजयपाल सिंह ने उक्त पुण्य आयोजन में अपने पूर्ण सहयोग की बात कही। चर्चा दौरान सोहागपुर जैन समाज के नागरिकों सहित विजय नन्नू छाबड़िया, गोलू अग्रवाल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटैल, नप उपाध्यक्ष आकाश पटैल, पार्षद गौरव पालीवाल एवं साथी उपस्थित रहे।

## मधुमेह जागरूकता शिविर में 118 की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर विद्याभारती पूर्वछात्र परिषद, इटारसी द्वारा निःशुल्क मधुमेह जागरूकता, जाँच एवं परामर्श शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर, एसबीआई के पास, इटारसी में सम्पन्न हुआ।

शिविर का शुभारंभ डॉ ताविश अरोरा एमडी, मुख्य अतिथि एवं पूर्वछात्र पंकज जैन, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं समिति सचिव कल्पेश अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि राहुल जैन द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में नगर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. ताविश अरोरा (एमडी, मधुमेह विशेषज्ञ) ने निःशुल्क मधुमेह जांच, परामर्श एवं स्वास्थ्य मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में 22 वर्ष से 90 वर्ष की आयु के कुल 118 नागरिकों ने जांच करवाकर परामर्श लिया, जिसमें युवाओं से लेकर वरिष्ठजन तक बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

सभी को संबोधित करते हुए डॉ. अरोरा ने मधुमेह से बचाव हेतु स्वस्थ जीवनशैली, नियमित दिनचर्या, संतुलित आहारचर्या तथा समय-समय पर आवश्यक जांच के महत्व को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि मधुमेह रोकथाम का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता और अनुशासित जीवनशैली है।विद्या भारती पूर्वछात्र परिषद के संभाग प्रमुख अभिषेक तिवारी एवं इस कार्यक्रम के संयोजक सौरभ दुबे, सौरभ शर्मा, छविराज सोनी सहित अन्य साथियों ने शिविर में पधारे सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के स्वास्थ्य-सेवा एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## नपाध्यक्ष चौरे ने किया वार्ड 22 में सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शुक्रवार को वार्ड 22 में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सभापति गीता पटेल भी मौजूद रहीं। यह सड़क विधायक निधि से लगभग 12 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही है।

नपाध्यक्ष चौरे ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति और इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। नाली निर्माण भी जल्द निरीक्षण के दौरान यह जानकारी भी दी गई कि सड़क निर्माण के बाद जल्दी ही इसी क्षेत्र में नाली निर्माण का कार्य भी शुरू किया जाएगा, जिससे जल



निकासी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। नपाध्यक्ष चौरे ने मौके पर मौजूद ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि गुणवत्ता उच्च स्तर की हो, जिससे सड़क टिकाऊ बन सके। सड़क का ढलान सही और संतुलित रखा जाए, ताकि बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। निर्माण कार्य को तय समय सीमा के भीतर, निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा किया जाए।

## वोटरलिस्ट परीक्षणः कांग्रेस ने बीएलए की बैठक की, एसडीएम को बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

प्रदेश में चल रही वोटर लिस्ट के गहन परीक्षण अभियान को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी ने गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में बीएलए की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की।

एसआईआर पर जानकारी और मार्गदर्शन बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार वोटर लिस्ट के गहन परिक्षण को प्रभावी ढंग से पूरा करना था। इस अवसर पर उपस्थित सभी बीएलए को एसआईआर की प्रक्रिया से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यकर्ताओं को वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण के दौरान सामने आने वाली संभावित समस्याओं से भी अवगत कराया। नगर कांग्रेस




अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने सभी बीएलए को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की तकनीकी या जमीनी समस्या आने पर वे तत्काल जिला कार्यालय को सूचित करें ताकि समय पर उसका समाधान किया जा सके।

एसडीएम से मुलाकात कर परेशानी बताई। बैठक के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम नीलेश शर्मा को वोटर लिस्ट के संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में ग्राउंड लेवल पर आ रही परेशानियों और चुनौतियों से अवगत कराया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि पुनरीक्षण कार्य को सुचारू और त्रुटिरहित बनाने के लिए प्रशासन आवश्यक कदम उठाए। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, सहित सभी पार्षद उपस्थित रहे।

## इटारसी होकर बरौनी वन-वे ट्रेन आज एक ट्रिप के लिए चलेगी




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रेलवे द्वारा भोपाल मंडल के इटारसी होकर एरणाकुलम से बरौनी के लिए वन-वे स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा।यह विशेष ट्रेन 15 नवम्बर 2025 (शनिवार) को केवल एक ट्रिप के रूप में चलाई जाएगी। एरणाकुलम-बरौनी जंक्शन वन-वे स्पेशल गाड़ी संख्या 06195 शनिवार, 15 नवंबर 2025 को शाम 4 बजे एरणाकुलम स्टेशन से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन दूसरे दिन सोमवार सुबह 05:40 बजे इटारसी पहुंचेगी और मंगलवार को सुबह 7 `बजे बरौनी जंक्शन स्टेशन पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन मार्ग में आलुवा, थ्रिसुर, पलक्कड़, रेनिगुंटा, विजयवाड़ा, नागपुर, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, दानापुर और पटना सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

### मुस्कान संस्था की एक ओर बेटी का विवाह प्रसंग

# मनीष ठाकुर निभाएंगे पिता का फर्जः करेंगे बेटी का कन्यादान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीवन में कुछ रिश्ते खून के नहीं, बल्कि सेवा और स्नेह के होते हैं। आज हम आपको एक ऐसी पिता और बेटी के रिश्ते की कहानी बता रहे हैं, जिसने पूरे समाज को भावुक कर दिया है। यह कहानी है मुस्कान बालिका गृह की बेटी शिवानी की, जिनका विवाह संस्था के संचालक मनीष सिंह ठाकुर और उनका परिवार स्वयं अभिभावक बनकर कर रहे हैं। इटारसी के वृंदावन गार्डन में 26 नवंबर को दोपहर 12 बजे से होने जा रही यह शादी एक साधारण विवाह नहीं है, बल्कि निस्वार्थ प्रेम और समर्पण का महापर्व है। आज शिवानी, जिसकी परवरिश मुस्कान बालिका गृह में हुई है, दुल्हन बनने को तैयार है। एक समय था जब शिवानी अनाथ थीं, लेकिन संस्था के संचालक, मनीष सिंह ठाकुर और उनका परिवार सिर्फ संस्था संचालक नहीं बने, बल्कि उन्होंने शिवानी को दिल से अपनी बेटी का दर्जा दिया। यह पहला मौका नहीं है। मुस्कान संस्था के संचालक मनीष ठाकुर अब तक एक दर्जन से अधिक ऐसी बेटियों



का विवाह स्वयं अभिभावक बनकर, पिता की भूमिका निभाते हुए, उनका कन्यादान कर चुके हैं। शिवानी इस कड़ी में उनकी अगली बेटी हैं।इस विवाह में कहीं भी दिखावा नहीं है। शिवानी और सत्यम चौरे का यह शुभ विवाह गायत्री पद्धति से, अत्यंत सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न हो रहा है। यह सादगी ही समाज को संदेश देती है कि रिश्तों का महत्व धन-दौलत से नहीं, बल्कि संस्कारों से होता है। वर पक्ष का यह निर्णय भी सराहनीय है, जिन्होंने शिवानी के अतीत को नहीं, बल्कि उसके उज्जवल भविष्य और संस्कारों को अपनाया है।

मनीष ठाकुर कहते हैं कि हर बेटी के लिए पिता का फर्ज निभाना मेरा सौभाग्य है। शिवानी सिर्फ संस्था की नहीं, वह हमारी बेटी है। उसे विदा करते हुए आंखें नम हैं, लेकिन खुशी है कि उसे सत्यम और एक अच्छा परिवार मिला है। हम समाज को बस इतना ही बताना चाहते हैं कि संस्था के बच्चे, आपके भी बच्चे हैं।मुस्कान संस्था ने साबित कर दिया है कि अनाथालय सिर्फ चार दीवारी नहीं होते, बल्कि प्रेम और नए जीवन का आधार होते हैं। यह विवाह सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं, बल्कि मानवता और ममत्व की जीत है।

## रेलवे स्टेशन के नए ब्रिज के सामने ट्रैफिक जाम से यात्रियों की बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे स्टेशन के पुराने ब्रिज को बंद किए जाने के बाद जीआरपी थाने के सामने बने नए ब्रिज के पास हर दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। ऑटो चालक और चार पहिया वाहन चालकों द्वारा ब्रिज के सामने अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े करने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

भारी सामान लेकर स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को वाहनों की लंबी कतारों के बीच रास्ता निकालना मुश्किल हो रहा है। इससे न केवल लोगों की आवाजाही बाधित होती है, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि शाम के समय तो हालत और गंभीर हो जाती है, जब ट्रैफिक पूर्ण रूप से जाम हो जाता है।

## खबर संक्षेप



### अवैध खनन करती 5 ट्रैक्टर ट्राली जब्त

**हरदा।** जिले के सिराली थाना पुलिस ने गुरुवार को अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया, जो स्यानी नदी से बजरी का अवैध उत्खनन कर रहे थे। थाना प्रभारी सीताराम पटेल ने बताया कि उन्हें ग्राम नहालीकला के पास स्यानी नदी के गऊघाट पर अवैध खनन की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर, पुलिस टीम ने देखा कि एक हाइवा ट्रैक्टर से नदी से बजरी निकालकर चार अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरी जा रही थी। पुलिस ने जिन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है, उनमें विष्णु सोलंकी, सुमित राजपूत, हिमांशु पाटिल, नितिन सोलंकी और विष्णु सोलंकी का ड्राइवर शामिल हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि बजरी का अवैध उत्खनन और चोरी पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

### कलेक्टर ने चित्रकला प्रदर्शनी का किया शुभारंभ



**हरदा।** कलेक्टर सिध्दार्थ जैन ने शुक्रवार को राजपूत छात्रावास में कलागृह एकेडमी द्वारा आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ कलेक्टर श्री जैन ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान कलेक्टर ने प्रदर्शनी का अवलोकन प्रदर्शित चित्रों की सराहना की। इस अवसर पर आयोजक सुलेखा गुर्जर उपस्थित थीं। इस दौरान कलेक्टर श्री जैन को भेंट स्वरूप उनकी ही हस्त निर्मित पेंटिंग दी गई।

### राज्य जैव विविधता क्विज 25 को

**हरदा।** मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल एवं व विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता क्विज 2025 का आयोजन 25 नवम्बर को किया जा रहा है। जिला वन मण्डलाधिकारी हरदा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं भाग ले सकते है। जिला स्तर पर कुल 100 टीमों की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों की टीम का पंजीयन 24 नवम्बर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी वन मण्डल कार्यालय हरदा सामान्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय हरदा से प्राप्त की जा सकती है।

## मतदाताओं की मैपिंग 2003 की मतदाता सूची से की जाएगी

# बीएलओ मतदाताओं के गणना पत्र भरकर बीएलओ एप पर अपलोड करें : कमिश्नर



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी शुक्रवार को तहसील हंडिया एवं ग्राम नादवां के ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंचे। यहां उन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में संलग्न सभी बीएलओ से आमने-सामने चर्चा की और गणना पत्रक के वितरण एवं गणना पत्रक भरने में आ रही दिक्कतों की जानकारी ली।

कमिश्नर ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वह गणना पत्रक भरते समय अतिरिक्त रूप से सावधानी बरतें। नव विवाहित महिलाओं की वंशावली मायके के बीएलओ से एवं स्वयं उनके परिजनों से मंगाकर लें। कमिश्नर ने कहा कि सभी मतदाता की मैपिंग 2003 की मतदाता सूची के अनुसार की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि जो मतदाता गणना पत्रक भरने में सक्षम नहीं है, ऐसे मतदाताओं के फॉर्म बीएलओ स्वयं सावधानीपूर्वक भरकर और सभी पूर्ति कर संतुष्ट होने के बाद ही बीएलओ एप पर अपलोड करें। कमिश्नर ने कहा कि जो मैपिंग सबसे आसान है सबसे पहले उसे किया जाए, साथ ही जो मतदाता प्रदेश के बाहर से या अन्य जिलों के बाहर से हैं या अन्य विधानसभा क्षेत्र से हैं, उनकी वंशावली को चिन्हित कर गणना पत्र को भरा जाए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं को गणना पत्रक अनिवार्य रूप से वितरित किया जाए। साथ ही भरे हुए गणना पत्रक भी प्राप्त किये जाएं। इस दौरान कमिश्नर श्री तिवारी ने मतदाता सूची अपग्रेडेशन के कार्य की बारीकी से जानकारी ली एवं सभी बीएलओ से आवश्यक जानकारियां ली। कमिश्नर ने निर्देश दिए की मतदाताओं के नाम उनके माता-पिता, पति, निवास स्थान, विकासखंड का नाम, विधानसभा क्षेत्र का नाम, सीरियल नंबर, मतदाता केंद्र क्रमांक आदि को ध्यान से भरा जाए। यदि कोई मतदाता अपनी जन्मतिथि नहीं बता पा रहे हैं तो अन्य डॉक्यूमेंट में उपलब्ध उनकी जन्मतिथि से मिलान कर उनकी जन्म तिथि भरी जाए।

### मतदाता परिचय पत्र में अंकित जन्म तिथि से भी मिलान किया जाए

मतदाता परिचय पत्र में अंकित जन्म तिथि से भी मिलान कर उनकी जन्म तिथि सही भरी जाए। मौके पर ही उन्होंने एक गणना पत्रक में जानकारी भरवा कर बीएलओ एप पर अपलोड करवाई। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सभी मतदाताओं के नाम स्पष्ट और सही भरे जाए, स्पेलिंग का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। गलत स्पेलिंग एवं नाम भरे जाने पर फॉर्म निरस्त होने की संभावना रहेगी। एक बीएलओ द्वारा अवगत कराया गया कि विवाहित महिलाओं के मायके की वंशावली मिलने में कठिनाई हो रही है तो कमिश्नर ने निर्देश दिए कि वैवाहिक महिला से संपर्क करके उनके मायके से उनका मतदाता परिचय पत्र बुलाकर उसमें अंकित जानकारियां गणना पत्रक में भरी जाए। कमिश्नर ने कहा कि इसके लिए विवाहित महिला का पुराने मतदान केंद्र और विधानसभा क्षेत्र को अनिवार्य रूप से सर्च किया जाए। मतदान केंद्र एवं सीरियल नंबर भी मिलान किया जाए। कमिश्नर ने कहा कि इस बात का अनिवार्य रूप से ध्यान रखा जाए की गणना पत्रक मिसमैच न हो।

### रहटगांव तहसीलदार को निर्देश दिए

कमिश्नर तिवारी ने तहसीलदार हंडिया उइके व रहटगांव तहसीलदार को निर्देश दिए कि बीएलओ के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रोजगार सहायक एवं अन्य शिक्षक की ड्यूटी सहयोग के लिए लगाई जाए। इस दौरान कलेक्टर श्री जैन ने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ इस महत्वपूर्ण कार्य में रुचि लेकर काम करें। भ्रमण के दौरान कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संयुक्त आयुक्त विकास जी.सी. दोहर, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, तहसीलदार वीरेन्द्र उइके सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### कार्यालय का निरीक्षण किया



कमिश्नर तिवारी ने हंडिया तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने ई-ऑफिस प्रणाली की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने तहसीलदार हंडिया को ई-ऑफिस प्रणाली में शेष बचे कर्मचारियों की मेपिंग करने के निर्देश दिये। साथ ही तहसीलदार को कार्यालय में कार्य विभाजन हेतु आदेश जारी करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिए कि तामिली कराकर प्रतिवेदन ई आफिस के माध्यम से भेजें। साथ ही ऑफिस की सारी फाइलें ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित करने के निर्देश दिए।

### वेबसाइट पर ऑनलाइन देखी जा सकती है वर्ष 2003 के एसआईआर की मतदाता सूची

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। इस अभियान के तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक जिले के विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है। इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि मतदाता मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मध्यप्रदेश की वेबसाइट भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर मप्र की वर्ष 2003 की एसआईआर की मतदाता सूची को मतदाता देख सकते हैं। कोई भी मतदाता इन वेबसाइट के माध्यम से स्वयं अथवा अपने परिजनों की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही सभी मतदाता जिनका नाम वर्तमान मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें गणना पत्रक दिया जा रहा है। मतदाता ऑफलाइन बीएलओ के माध्यम से तथा ऑनलाइन वोटर पोर्टल के माध्यम से भी गणना फॉर्म भर सकता है।

### विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है। इस अभियान के तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक जिले के विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिये कक्ष क्रमांक 81 आपदा प्रबन्धन कंट्रोल रूम में जिला स्तरीय कंट्रोल स्थापित किया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07577-225004 है। कलेक्टर जैन ने कंट्रोल रूम में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

## कमिश्नर, कलेक्टर किया निरीक्षण

# भावांतर में खरीदी जा रही सोयाबीन की जानकारी ली



**हरदा।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी एवं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन शुक्रवार को कृषि उपज मंडी हरदा पहुंचे। यहां उन्होंने भावांतर योजना के अंतर्गत खरीदी जा रही सोयाबीन फसल की स्थिति की जानकारी ली तथा किसानों से भावांतर योजना से मिलने वाले लाभ के संबंध में आमने-सामने चर्चा की। इस दौरान उन्होने भावांतर योजना के तहत मिल रही अंतर की राशि पर सभी किसानों से फीडबैक भी लिया।

कलेक्टर एवं कमिश्नर ने अधिकतम एवं न्यूनतम बोली वाले सोयाबीन का अवलोकन किया एवं उन किसानों से चर्चा की। कमिश्नर ने किसान राहुल से चर्चा की। राहुल अपनी सोयाबीन बेचने मंडी पहुंचे थे। उनकी सोयाबीन अधिकतम 4700 रुपए प्रति क्विंटल पर बिकी। कमिश्नर ने उनसे भावांतर के संबंध में चर्चा की। राहुल ने बताया कि उन्हें उम्मीद है की भावांतर और मॉडल रेट के अंतर की राशि उन्हें प्राप्त होगी। कमिश्नर ने उनके सोयाबीन की सराहना करते हुए उपस्थित सभी किसानों से कहा कि वह घर से ही साफ और स्वच्छ सोयाबीन मंडी में लेकर आए इससे उन्हें भी अधिकतम बोली प्राप्त होगी। वहीं कमिश्नर ने न्यूनतम बोली वाले किसान शांति से भी चर्चा की जिनकी सोयाबीन की बोली 3420 रुपए प्रति क्विंटल लगाई गई थी। सभी किसानों ने भावांतर योजना की सराहना करते हुए कहा कि न्यूनतम रेट पर बोली लगाई जाने पर भी उन्हें भावांतर से अंतर और मॉडल रेट से अंतर की राशि प्राप्त हो जाएगी। मौके पर मौजूद मंडी निरीक्षक श्री पारे ने बताया कि इस वर्ष अत्यधिक बारिश से सोयाबीन की फसल में नुकसान पहुंचा है। सोयाबीन में नमी बनी हुई है, नमी के चलते किसानों को अक्सर सोयाबीन का बेहतर मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को पूर्व में भी समझाइश दी गई थी कि वे सोयाबीन को साफ और स्वच्छ करके लाए ताकि उनकी उपज के भी अच्छे रेट मिल सके। मंडी में मौजूद कुछ किसानों ने कमिश्नर से मांग की कि उन्हें खरीदीं के समय को आधे घंटे से बढ़ाकर एक घंटे समय मिलना चाहिए, जिस पर कलेक्टर श्री जैन ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि आवक के हिसाब से खरीदी के समय में बढ़ोतरी करें और साथ ही आज की ट्राली आज ही उसकी खरीदी हो जाए। कमिश्नर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों के लिए मंडी में सभी मूलभूत आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास जी.सी. दोहर, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, मंडी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### तापमान में गिरावट से अब प्रातः 9 बजे से लगेंगे स्कूल

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में तापमान में आई गिरावट के कारण जिले में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय तथा माध्यमिक शिक्षा मण्डल से सम्बद्धता प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन किया है। जारी आदेश अनुसार जिले में संचालित कक्षा नर्सरी से 8 वीं तक के प्रातः कालीन पारी में संचालित सभी विद्यालयों के समय प्रातः 9 बजे से किया गया है। यह आदेश 17 नवम्बर से प्रभावशील होगा।

## बाल दिवस पर संदीपनि में आयोजन

# छात्र-छात्रा फिजा और फैजान 1 दिन के लिए हेड मास्टर बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया




बाल दिवस के अवसर पर संदीपनि विद्यालय, खिरकिया में बेहद अनोखा और प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान माध्यमिक विभाग का प्रभार सम्हाल रहे अंकित अवस्थी द्वारा अपना प्रभार 1 दिवस के लिए विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्रा को दिया गया, इस पहल से बच्चों में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री प्रदीप कुमार रिछारिया, प्राचार्य शरीफ खान, संदीपनि प्राचार्य मिश्रीलाल मालवीय, अंकित अवस्थी, बी एस मीणा तथा विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों द्वारा फूड स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह देखने लायक था। विद्यालय परिसर पूरे दिन बाल दिवस की उमंग और खुशियों से भरा रहा।

## प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई

# बाल दिवस खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

नगर में इस वर्ष बाल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। रहटगांव स्थित एकीकृत शासकीय काशीबाई पालीवाल कन्या हाई स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाल दिवस के मौके पर स्कूल प्रांगण बच्चों की हंसी-खुशी और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत खेलकूद प्रतियोगिताओं से हुई, जहां छात्राओं ने जमकर भागीदारी की। इसके साथ पेंटिंग जैसी रचनात्मक गतिविधियों ने बच्चों की कल्पनाशक्ति को रंगों में ढालने का बेहतरीन अवसर प्रदान किया। प्राचार्य सिद्धार्थ जोशी ने बताया कि मनोरंजन के साथ शिक्षा को जोड़ते हुए स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को शिक्षाप्रद बाल कथाओं पर आधारित कार्टून मूवी भी दिखायी, जिससे बच्चों ने नैतिक मूल्यों और जीवन के महत्वपूर्ण संदेशों को जाना। कार्यक्रम में विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियों और मजेदार खेल-कूद प्रतियोगिताओं ने बच्चों के उत्साह में और भी रंग भर दिए।

### छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए

बच्चो ने बताया कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए गए। इसके साथ ही सभी बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। इस पूरे आयोजन में कक्षा 6वीं से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल परिवार ने बाल दिवस को बच्चों के लिए यादगार बनाने की पूरी कोशिश की, जो बच्चों की मुस्कुराहट और उत्साह में साफ दिखाई दिया। जिस दौरान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी शशांक पालीवाल, राकेश मंडलेकर, बालक शाला प्राचार्य मनोज मिंस, संतोष वर्मा, दीपा राठौर, ज्योति नरबरे, मोहिनी मंडराई, अखिलेश मालवीय, पंकज मिश्रा, गजानंद गौर, मनोज मालवीय, नंदराम सोनानया, चेतन प्रजापति, शैलेंद्र राजपूत, एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## पिता की स्मृति में पहल

# मुक्तिधाम निर्माण के लिए 1 लाख 21 हजार 121 रुपए दान में दिए



**खिरकिया ।** शहर के किराना व्यवसायी रहे स्वर्गीय श्री शेषनारायण भगत की स्मृति में धर्मपत्नी कमला बाई भगत , पुत्र संदीप भगत दामू सेठ पुत्रवधू रजनी भगत एवं पोत्र प्रणव भगत पोती श्रेया भगत के द्वारा मुक्तिधाम समिति को 1 लाख 21 हजार 121 रुपए की राशि कक्ष के निर्माण हेतु जन सेवा हेतु समर्पित की गई । शहर के मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार और देखरेख करने वाली समिति को यह राशि नकद दी गई उक्त राशि से मुक्तिधाम में निर्माण कार्य कराए जाएंगे । युवा भाजपा नेता रविंद्र दुआ , चम्पालाल भंडारी , बंटी सलूजा समेत अन्य उपस्थित थे।

## धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा

# संयम को स्वीकार करना, कषायों को पतला करना: साध्वी प्रज्ञा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

आचार्य शरामलाल की शिष्या प्रज्ञा श्रीजी महाराज साहब ने भगवान महावीर दीक्षा कल्याणक महोत्सव जिसे संयम दिवस के रूप में मनाते हुए धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि-यह संसार दुखों से लबालब भरा हुआ है। संसार का प्रत्येक व्यक्ति तनाव में जी रहा है ।

संसार का सुख क्षणिक सुख है ,यहां सिर्फ सुखाभाष ही है। कुव्यसन व्यक्ति के जीवन में दुख लाने वाला है। संसार का भौतिक सुख, सुख नहीं है । सच्चा सुख ,संयम अंगीकार करने में है। यह संसार असार है संयम में सार है। प्रभु महावीर ने राजकीय सुखों का त्याग कर संयम को धारण किया। हम ,जिस संसार में सुख नहीं है उसमें जीते जा रहे हैं। यह संसार विषय ,कषायों की अग्नि में जल रहा है, हमें उसे क्षमा रुपी शीतल जल से बुझाना है । संयम को स्वीकार करना कषायों को पतला करना है ।जिस व्यक्ति के मन में संयम रम जाता है वह व्यक्ति कष्टों को सहन कर पाता है। जो शूरवीर होते हैं वह संयम के मार्ग पर चलते हैं ।उन्होंने आगे कहा कि- ज्ञान का फल विरति है ।सम्यक ज्ञान के सहारे ही अहिंसा धर्म का पालन किया जा सकता है। तीन मनोरथ का चिंतन करने से कर्मों की महान निर्जरा होती है। इस अवसर पर कई श्रद्धालुओं ने त्याग पचखान ग्रहण कर रात्रि संवर,पौषध, 2 सामयिक की आराधना के साथ दिवस को मनाया। रत्ना समदड़िया ने 3 उपवास के पचखान ग्रहण किए। प्रभावना का लाभ गंगाविशन मुनीम एवं अमरचंद दीपचंद मेहता ने लिया। अल्पाहार का लाभ श्री संघ खिरकिया ने लिया। समता महिला मंडल, छाया भंडारी, सुमित भंडारी ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर सभी को हर्षित कर दिया। जिन परिवारों से दीक्षा हुई उन वीर परिजनों का परिचय अपने निराले सुमधुर



अंदाज में इंजीनियर प्रणय सांड ने दिया। कार्यक्रम का संचालन आशीष समदड़िया ने किया,बद्री पटेल ने सांगवा,चारूवा की विनती की। इस अवसर पर श्री श्वेतांबर जैन श्री संघ खिरकिया, श्री संघ चारूवा के श्रावक-श्राविकाओ गुरुभक्तो सहित गुप्तेश्वर गोशाला परिवार,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गंगा विशन जरखड़िया, पूनमचंद गुप्ता, राजपूत समाज के संभाग अध्यक्ष बद्री प्रसाद पटेल, हरदा से मनोज चापलोद, बैतूल से शकुंतला तातेड, दगड़खेड़ी से सरपंच क्षमा पद्मकांत सकरगाय, शिवनारायण साद, विजय खरबडिया,बालकृष्ण दोगने, पत्रकार यश पांडे, महेश राजपूत, मीणा, कुचलेड़ा, मुहाल, पड़वा, सांगवा, पानपाठ, छिपाबड़, जटपुरा, नासिक, पूना, इंदौर से राजकुमार खमेसरा आदि ग्रामों क्षेत्रों के श्रद्धाशील गुरुभक्त,सत्संग प्रेमी उपस्थित थे। शनिवार को सुबह लगभग 7 बजे विहार हरदा की दिशा में ग्राम मुहाल की ओर संभावित रहेगा ।

## जनजातीय गौरव दिवस पर

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिले के एकलव्य आवासीय विद्यालय रहटगांव में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जनजातीय गौरव दिवस को गरिमापूर्ण तरीके से मनाने के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ ने शुक्रवार को रहटगांव के एकलव्य आवासीय विद्यालय पहुँचकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में रवि कनोजिया जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे तथा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होने बताया कि इस दौरान जिले के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर रहे रथ का समापन भी होगा। इस दौरान जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी एलईडी के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा।